सार्वजनिक रोज़गार, शिक्षा, और अनुबंधीय निर्णयों, विधायी संवैधानिक संशोधन में विविधता की एक कारक के रूप में अनुमति देता है। विधायी संवैधानिक संशोधन।

★ प्रस्ताव 16 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 16 पर हां के मतदान का मतलब है सभी CALIFORNIA वासियों के लिए समान अवसर।

हम सभी को उचित मजदूरी, अच्छी नौकरी और गुणवत्ता वाले स्कूलों के साथ समान अवसर प्राप्त करने के अधिकार हैं।

राष्ट्र में सबसे विविध राज्य में रहने के बावजूद, California में धन और शक्ति के पदों पर अभी भी श्वेत पुरुषों का प्रभुत्व है। हालाँकि महिलाओं, और विशेष रूप से अश्वेत महिलाएं, COVID-19 प्रतिक्रिया की अग्रिम पंक्तियों पर हैं, उन्हें उनके बलिदानों के लिए पुरस्कृत नहीं किया जाता है। महिलाओं को पुरुषों की तरह ही सफलता का अवसर मिलना चाहिए।

आज, लगभग सभी सार्वजनिक अनुबंध, और जो नौकरियां वो करती हैं, वे पुराने श्वेत लोगों द्वारा संचालित बड़ी कंपनियां हैं। श्वेत महिलाओं को डॉलर पर 80¢ मिलते हैं। अश्वेत महिलाओं और एकल माताओं के लिए मजदूरी में और अधिक असमानताएं हैं। नतीजतन, कुछ कुलीन लोग, इसे समुदायों में वापस निवेश करने के बजाय धन जमा करने में सक्षम हैं। प्रस्ताव 16 महिलाओं और अश्वेत लोगों के लिए अनुबंध के अवसर खोलता है।

हम जानते हैं कि छोटे व्यवसाय हमारी अर्थव्यवस्था का मुख्य संबल हैं। अभी वर्तमान कानून के कारण मुख्य स्ट्रीट व्यवसाय महिलाओं और अश्वेत लोग स्वामित्व वाले लोगों को हर साल सरकारी अनुबंधों में $1,100,000,000 से अधिक गंवा बैठते हैं। हमें उन छोटे व्यवसायों का समर्थन करने की आवश्यकता है, खासकर जब हम COVID-19 के बाद पुनर्निर्माण कर रहे हैं। धन का निवेश हमारे समुदायों में वापस किया जाएगा।

प्रस्ताव 16 पर हां सभी के लिए उचित अवसरों के साथ California को सशक्त बनाने में मदद करेगा।

प्रस्ताव 16 पर हां का मतलब है:

- COVID-19 के दौरान आवश्यक देखभाल करने वालों/अग्रिम पंक्ति के श्रमिकों के रूप में सेवा करने वाली महिलाओं और अश्वेत महिलाओं का समर्थन करना
- लिंग, नस्ल या जाति भेद के बिना सभी California वासियों के लिए एक समान मजदूरी, अच्छी नौकरियों और गुणवत्ता वाले स्कूलों तक पहुंच का विस्तार करना
- सार्वजनिक अनुबंध प्राप्त करने के लिए महिलाओं और अश्वेत लोगों के लिए अवसर पैदा करना जो सभी के लिए उपलब्ध होने चाहिए
- California के सभी बच्चों के लिए, K- 12 स्कूलों और उच्च शिक्षा, दोनों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच को बेहतर बनाना
- भेदभाव को रोकने के लिए कार्य करना और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना
- ऐसी अर्थव्यवस्था का पुनर्निर्माण करना जो सभी के साथ समान व्यवहार करे
- अमीरों को और अमीर बनने की अनुमति देना जारी रखने के बजाय हमारे समुदायों में धन का निवेश करना
- भेदभाव विरोधी कानून प्रभावी रहेंगे
- कोटा अब भी निषिद्ध रहेंगे

हम अविश्वसनीय ऐतिहासिक क्षणों से गुजर रहे हैं। 2020 में, हमने देखा है कि बड़ी संख्या में California वासियों ने प्रणालीगत नस्लवाद के खिलाफ कार्रवाई की और वास्तविक बदलाव के लिए समर्थन हेतु आवाज़ सशक्त की।

उसी समय, Trump प्रशासन की नीतियों द्वारा हमारे साझा मूल्यों पर हमला किया जा रहा है। हम प्रत्यक्ष नस्लवाद का उदय देख रहे हैं: श्वेत सुप्रीमिस्ट (सर्वोच्च होने की भावना) लोगों का मार्च, लातिनी आप्रवासियों का रोज़ का प्रदर्शन, हमारी सड़कों पर अश्वेत लोगों की हत्या, एशियाई लोगों से नफरत को लेकर अपराधों में वृद्धि, महिलाओं के अधिकारों का हनन हो रहा है, और COVID-19 मूल निवासी समुदायों को उजाड़ रहा है।

प्रस्ताव 16 के समर्थन में मतदान करके, California वासी ट्रम्प प्रशासन के नस्लवादी एजेंडे के विरोध में कार्रवाई कर सकते हैं।

प्रस्ताव 16 के समर्थन में मतदान करके, California वासी नस्लवाद और लिंगवाद के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं और सभी के लिए अधिक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष राज्य का निर्माण कर सकते हैं।

समान अवसर प्रदान किया जाना महत्वपूर्ण है। प्रस्ताव 16 का समर्थन करें।

VoteYesOnProp16.org

CAROL MOON GOLDBERG, अध्यक्ष
League of Women Voters of California

THOMAS A. SAENZ, अध्यक्ष
Mexican American Legal Defense and Educational Fund

EVA PATERSON, अध्यक्ष
Equal Justice Society

★ प्रस्ताव 16 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

TOM CAMPBELL: " यह प्रस्ताव California के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में छात्रों को उनकी जाति के कारण प्रवेश की अनुमति नहीं देगा, ताकि दूसरी जाति के छात्रों को प्रवेश करने में सहायता मिल सके। यह इस समय गैरकानूनी है। अल्पसंख्यक स्नातकों की भर्ती के लिए Berkeley के बिजनेस स्कूल को सर्वश्रेष्ठ में से मूल्यांकित किया गया था, और हमने इसे बिना किसी जातिवाद के किया। हमने दानदाताओं, ऐलम, या राजनेताओं के बच्चों को लेकर किसी तरह का पक्षपात नहीं किया। हमने दृढ़ता से योग्यता को आधार बनाए रखा। इसे ऐसे ही रहना चाहिए। (मैं न तो डेमोक्रेट हूं और न ही रिपब्लिकन।)"

LEO TERRELL: "मैं'एक अश्वेत आदमी हूं, 30 साल से नागरिक अधिकार अटॉर्नी, आजीवन डेमोक्रेट, अब स्वतंत्र पार्टी का हूं। प्रस्ताव 16 राजनीतिक रूप से जुड़े ऊंची बोली लगाने वाले ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार के धन का उपयोग करने का घोटाला है जो कथित तौर 'अल्पसंख्यक' हैं या जो विंडो ड्रेसिंग के रूप में एक तथाकथित 'अल्पसंख्यक' को नौकरी पर रखते हैं। करदाताओं को धोखा दिया जाता है। इसके अलावा, हमें निश्चित रूप से सरकारी नौकरियों, पदोन्नति, या छंटनियों में जातिवाद को लेकर किसी पक्ष का समर्थन करने की ज़रूरत नहीं है। और शिक्षा के लिए, नस्ल की परवाह किए बिना उन लोगों की मदद करें जिन्हें इसकी आवश्यकता है!"

KALI FONTANILLA: "मेरे पिता जमैका प्रवासी थे, लेकिन मेरी माँ ने मेरा गरीबी में पालन-पोषण किया था। मेरे पति मैक्सिकन/पोर्टो रीकन हैं: हमें बहुजातीय होने पर गर्व है। मैं University of California से ऑनर्स मल्टी-डिग्री ग्रेजुएट हूं। मैंने Compton में अश्वेत छात्रों को पढ़ाया; अब मैं MERIT पर लातिनो को UC में प्रवेश करने में सहायता करती हूं (जैसे मैंने किया था), कोटा पर नहीं! प्रस्ताव 16, पीछे की ओर जाने वाला एक बड़ा कदम होगा, जो उन्हीं विद्यार्थियों को नुकसान पहुंचाएगा जिनकी हम सहायता करना चाहते हैं। मानकों को कम करने की कोई जरूरत नहीं है! मुझे पढ़ाना बहुत पसंद है, लेकिन प्रस्ताव 16 K-12 को पूरी तरह से बाधित करेगा।"

हमें मत बांटिए। हमें एकजुट करें। नहीं में मतदान करें।

TOM CAMPBELL, पूर्व डीन
Haas School of Business, University of California, Berkeley

LEO TERRELL, नागरिक अधिकार वकील

KALI FONTANILLA, पब्लिक स्कूल के शिक्षक

इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के निजी विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनका सत्यापन नहीं किया गया है।

★ प्रस्ताव 16 के विरुद्ध तर्क ★

California विधान मंडल चाहता है कि आप हमारे राज्य संविधान के इन अनमोल वचनों को भुला दें: *"राज्य किसी भी व्यक्ति या समूह को जाति के आधार पर किसी भी व्यक्ति या समूह के खिलाफ या सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक शिक्षा, या सार्वजनिक अनुबंध के संचालन में राष्ट्रीय मूल या भेदभाव नहीं करेगा।"*

यह नहीं कीजिए! नहीं में मतदान करें।

—1996 में प्रस्ताव 209 के रूप में California के मतदाताओं द्वारा अपनाए गए—उन शब्दों को दृढ़ता से स्थापित रहना चाहिए। केवल हर किसी के साथ समान व्यवहार करने से ही राज्य शानदार ढंग से विविधतापूर्ण हो सकता है क्योंकि California सभी के लिए गौरवपूर्ण है।

खंडन एक कदम पीछे ले जाएगा

इस तरह का भेदभाव विद्वेषपूर्ण है। यह हमें ऐसे समय में बांट देगा जब हमें एकजुट होने की सख्त ज़रूरत है। नेता अपनी पसंद को वरीयता देना चाहते हैं। उन्हें लगता है कि वे नस्लीय अल्पसंख्यकों और महिलाओं के साथ *अन्य* नस्लीय अल्पसंख्यकों और जो किसी भी गलत काम में निर्दोष हैं, से भेदभाव करके अतीत में किए गए भेदभाव को "ठीक" कर सकते हैं। निर्दोष लोगों को सजा देना केवल कभी न समाप्त होने वाले असंतोष का कारण बनेगा। *भेदभाव को रोकने का एकमात्र तरीका भेदभाव को रोकना है।*

उनकी सहायता कीजिए जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है

प्रत्येक एशियाई अमेरिकी या श्वेत को लाभ नहीं मिला है। हर लातीनी या अश्वेत को नुकसान नहीं पहुंचा है। हमारे राज्य में सभी जातियों और नस्लों के सफल पुरुष और महिलाएं मौजूद हैं। आइए उस रूढ़िवादिता को स्थिर न बनाएं कि अल्पसंख्यक और महिलाएं तब तक सफल नहीं बन सकते हैं जब तक कि उन्हें विशेष प्राथमिकताएं नहीं मिलती हैं।

साथ ही, हमारे राज्य में सभी जातियों और नस्लों के पुरुष और महिलाएं भी हैं—जो थोड़ी सहायता से फायदा उठा सकते हैं। वर्तमान कानून इस तरह के "सकारात्मक कार्य" के लिए अनुमति देता है जब तक कि यह नस्ल, लिंग, रंग, जातीयता या राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव या तरजीह नहीं देता है। उदाहरण के लिए, राज्य विश्वविद्यालय निम्न-आय वाले परिवारों या उन छात्रों की सहायता कर सकते हैं, जो कॉलेज जाने वाले अपने परिवार के पहले सदस्य होंगे। राज्य कम आय वाले व्यक्तियों द्वारा शुरू किए गए छोटे व्यवसायों या नौकरी के अवसरों के लिए कम आय वाले व्यक्तियों के पक्ष में सहायता कर सकता है।

लेकिन अगर ये शब्द हमारे राज्य संविधान से निकाल दिए जाते हैं तो University of California प्रवेश के लिए फिर से वकील के बेटे को खेतों में काम करने वाले की बेटी की तुलना में वरीयता देने के लिए स्वतंत्र होगा क्योंकि वह "कम-प्रतिनिधित्व" वाले समूह से है। *यहअन्याय पूर्ण है।*

करदाताओं को आराम दीजिए

प्रस्ताव 209 के पारित होने से पहले, California और कई स्थानीय सरकारों ने महंगे नौकरशाहियों को बनाए रखा, जिन्हें व्यवसाय के मालिक की जाति, लिंग या जातीयता के आधार पर सार्वजनिक अनुबंध में तरजीह देने की आवश्यकता थी। सबसे कम योग्य बोली लगाने वाले लोगों को अस्वीकार किया जा सकता था। University of California के अर्थशास्त्री ने सावधानीपूर्ण, सहकर्मी-समीक्षा अध्ययन में पाया कि प्रस्ताव 209 द्वारा शासित CalTrans अनुबंधों ने प्रभावी होने के बाद की दो साल की अवधि में गैर-209 अनुबंधों पर 5.6% की बचत की। यदि अन्य सरकारी अनुबंधों के लिए बचतें कहीं भी उपलब्ध है, तो इस संवैधानिक प्रावधान को रद्द करने में करदाताओं के *कई बिलियन डॉलर* लग सकते हैं।

समान अधिकार आधारभूत होते हैं

नस्ल, लिंग, रंग, नस्ल या राष्ट्रीय मूल के आधार पर वरीयता देने पर रोक अमेरिकी सिद्धान्त का आधारभूत भाग है। यह हमारे संविधान में हम सभी के लिए है . . . और अब आने वाली पीढ़ियों के लिए। *इसे निकालने न दें।*

नहीं में मतदान करें।

WARD CONNERLY, अध्यक्ष
Californians for Equal Rights
GAIL HERIOT, कानून के प्रोफेसर
BETTY TOM CHU, पूर्व California संविधान संशोधन आयुक्त

★ प्रस्ताव 16 के विरूद्ध तर्क का खंडन ★

हमारी California की मान्यताओं के लिए खड़े हों। भेदभाव के खिलाफ खड़े हों।

California वासियों का मानना है कि हर कोई अपने लिंग, वे कैसे दिखते हैं, या वे कहाँ पैदा हुए थे, इसकी परवाह किए बिना सफल होने के समान अवसर का अधिकार रखता है। हम सहमत हैं कि महिलाओं को पुरुषों के समान भुगतान किया जाना चाहिए; सभी बच्चों को उनकी पृष्ठभूमि या त्वचा के रंग की परवाह किए बिना, शानदार स्कूल तक पहुंचने का अधिकार है।

विपक्ष यह दावा करने के लिए भ्रामक भाषा का उपयोग करता है कि वे California के भविष्य की परवाह करते हैं। वास्तव में, उनका दृष्टिकोण हमें पीछे की ओर ले जाएगा।

महिलाओं और अश्वेत लोगों के स्वामित्व वाले व्यवसाय हर साल $1.1 बिलियन गंवा बैठते हैं क्योंकि आकर्षक अनुबंध कुछ ही धनी लोगों को दे दिए जाते हैं। महिलाएं डॉलर पर 80 सेंट पाती हैं, और अश्वेत महिलाओं को तो और कम मिलता है।

California को आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका प्रस्ताव 16 को पारित करना है—सभी के लिए समान अवसर का विस्तार करना और प्रणालीगत नस्लवाद का सक्रिय रूप से मुकाबला करना है।

प्रस्ताव 16 पारित करके, California वासी निम्न कर सकते हैं:

- समान अवसर के लिए बाधाओं को हटाते हुए, सभी प्रकार के भेदभावों से निपटना
- लिंग मजदूरी भेदभाव से संघर्ष करना
- अश्वेत महिलाओं को नौकरी में पदोन्नति और नेतृत्व वाले पदों पर एक समान अवसर देना
- लड़कियों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कैरियर और शैक्षिक अवसरों का विस्तार करना

California प्रस्ताव 16 के समर्थन में मतदान करके सभी के लिए समान अवसर की दिशा में कार्रवाई करने में 42 अन्य राज्यों में सम्मिलित हो सकता है।

California वासी के रूप में, हम विविधता और निष्पक्षता को महत्व देते हैं, हम जानते हैं कि भेदभाव को समाप्त करना और समानता को बढ़ावा देना सही कार्य है।

COVID-19 के इस अनिश्चिततता वाले समय के दौरान, हम भविष्य के California का निर्माण कर सकते हैं जो *प्रस्ताव 16 पर YES को मतदान देकर हमारी मान्यताओं को दर्शाता है।*

VoteYesOnProp16.org पर तथ्य देखें

E. TOBY BOYD, अध्यक्ष
California Teachers Association
NORMA CHAVEZ-PETERSON, कार्यकारी निदेशक
ACLU of San Diego and Imperial Counties
DR. BERNICE A. KING, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (chief executive officer, CEO) The Martin Luther King, Jr. केंद्र

इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के निजी विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनका सत्यापन नहीं किया गया है।